हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरीः चावला



10 लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से फसल को नष्ट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव दरोलीखेड़ा में धान फसल को ट्रैक्टर तथा हैरो की सहायता नष्ट करने तथा विरोध करने पर जमीन मालिक को धमकी देने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना खुर्द हाल गोहाना रोड जींद निवासी संजय ने पुलिस को शिकायत दी है।

### नशा सप्लाई मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस के एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी कलायत निवासी शिवम भारद्वाज उर्फ कालु पंडित को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो फतेहाबाद की टीम द्वारा 6 मई को कलायत बस अड्डा के पास से आरोपी कलायत निवासी सागर व नवीन को काबू किया गया था।

### ताला तोड़कर 70 हजार की नकदी व जेवर चोरी

**जींद।** गांव बधाना में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 70 हजार रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव बधाना निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत छह जुलाई को वह मकान पर ताला लगा कर परिवार समेत रिश्तेदार में चला गया था।

### गांव खरका में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव खरका में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। खरकां के कुलदीप सिंह ने गोल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जुलाई को गांव के ही मनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, जॉबनप्रीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, गुरमीत कौर और राजफील्ट कौर ने मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

### रास्ता रोक लाठी-डंडो से हमला करने का आरोप

**अलेवा।** नगूरां निवासी एक व्यक्ति द्वारा गांव की ही दो महिलाओं समेत आठ लोगों पर रास्ता रोक कर लाठी, डंडो से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत नगूरां पुलिस चौकी में दी है। पुलिस को दी शिकायत में नगूरां निवासी राममेहर ने बताया कि सात जुलाई देर शाम को लगभग साढ़े आठ बजे काम करने के बाद घर आया था।

### युवक को नशीला पदार्थ देने के आरोप में केस

**कैथल।** कैथल के विदक्यार पार्क के निकट नशीले इंजेक्शन के सेवन से हुई एक युवक की मौत मामले में वीरवार को नया मोड़ ले लिया। गांव बालू के महेंद्र पाल ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जुलाई को उसका बेटा 30 वर्षीय दीपक घर से किसी काम के लिए कैथल आया था। आरोप है कि इसी बीच चिंकी और एक अज्ञात आई 20 चालक ने उसके बेटे को नशीला पदार्थ दे दिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव ढाठरथ स्कूल से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मांडी खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 बेटी ढाठरथ स्कूल में पहुंची थी। जिसके बाद घर वापस नही लौटी।

### दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीवन निवासी नाबालिग लड़की के लापता होने व दुष्कर्म मामले की जांच महिला एसआई धनपति की टीम द्वारा करते आरोपी थेह मुकेरिया निवासी नसीब को गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि सीवन निवासी एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार 26 जून को उसकी नाबालिग लड़की लापता हो गई।

# आज से प्रारंभ होगा सावन, शिवभक्तों के लिए इस बार सावन माह बेहद खास

## भोले के भक्तों को मिलेंगे चार सोमवार, मंदिरों में जलाभिषेक का विशेष प्रबंध

- कावड़ियों के लिए लगाए जाएंगे शिविर, श्रद्धालु करेंगे सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सावन माह की शुरूआत शुक्रवार से होने जा रही है। शिवभक्तों को भगवान शिव की पूजा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में वालेंटियरों की डयूटी लगा दी गई है। इसके अलावा बेरिकेटिंग भी कर दी गई है ताकि जल चढाते हुए धक्का-मुक्की न हो। सावन का महीना 11 जुलाई शुक्रवार से शुरू होकर नौ अगस्त तक रहेगा। इस दौरान शिवभक्तों को चार सोमवार भी पूजा अर्चना के लिए मिलेंगे। वहीं सावन में इस बार दुर्लभ संयोग भी बन रहे हैं। सावन माह में शिव योग, प्रीति योग, आयुष्मान योग होने से श्रद्धालुओं के लिए होंगे। सावन माह में सोमवार व्रतः सावन माह का पहला सोमवार 14 जुलाई को होगा। इसके बाद 21 जुलाई को दूसरा सोमवार व्रत, 28 जुलाई को तीसरा सोमवार व्रत, चार अगस्त को चौथा सोमवार व्रत होगा। नौ अगस्त को सावन माह संपन्न होगा। सावन माह में कावडिय़े भी हरिद्वार का रूख करेंगे। कावडियों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर लगने शुरू हो जाएंगे। सफीदों रोड, गोहाना रोड पर ही अधिकतर श्रद्धालुओं द्वारा कावडियों के लिए सेवा शिविर लगाए जाते हैं। सावन माह में हरिद्वार से जल लाने वाले कांवडिय़े जिले में अलग-अलग रास्तों से गुजरेंगे। जो हरिद्वार, यमुनोत्री, गंगोत्री व गोमुख से गंगाजल लेकर आते हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यवस्था बनाई गई है।


मंदिर में सजाया शिवलिंग।

### जलाभिषेक की तैयारियां पूरीः पुजारी

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव की उपासना से विशेष लाभ मिलता है। मंदिर परिसर में भगवान शिव के जलाभिषेक को लेकर सभी तैयारियां पूरी ली गई हें। भगवान शिव को भी सावन माह बेहद प्रिय है। सावन के दौरान शिवभक्त अपने आराध्य को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं, कावड़ यात्रा करते हैं और साथ ही शिव भगवान के पवित्र मंदिरों का दर्शन करने भी जाते हैं।

### सावन मास भगवान शिव को सर्वाधिक प्रिय

**पूंडरी।** पुण्डरी के प्रसिद्ध पंडित रवि दत्त शास्त्री नें बताया कि श्रावण मास भगवान शिव की पूजा उपासना एवं उपवास के लिए है। भगवान शिव को श्रावण मास सर्वाधिक प्रिय है। सती ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ में अपना शरीर होम करने के बाद जब उन्होंने हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया तब उन्होंने श्रावण मास में भगवान शिव की विधिवत पूजा उपासना की थी। इसके कारण उन्होंने भगवान शिव को पुनः पति के रूप में प्राप्त किया7 इसी कारण भगवान शिव को यह मास बहुत प्रिय है। शिव की पूजा करें ,विधि और नियम से करें और उससे भी बढक़र मन के भावों को पूर्णत समर्पित कर करें। बिना भाव के बिना प्रेम के की गई पूजा का उतना फल नहीं मिलता।मन से भगवान के हो जाओ फिर देखो आनंद ही आनंद जीवन में उतरेगा7 धर्म सिंधु के अनुसार शिवलिंग की प्रतिष्ठा के लिए श्रावण मास श्रेष्ठ है। शिव की पूजा से संबंधित कुछ विशिष्ट बातों का ध्यान रखना चाहिए। मनुष्य को सदैव उत्तर की ओर मुंह करके शिव की पूजा करनी चाहिए।, जो मनुष्य बेलपत्र से शिव पूजन करता है उसकी दरिद्रता दूर हो जाती है।, पार्थिव लिंग की पूजा करने से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं पार्थिव लिंग की पूजा करने से बल लक्ष्मी पुत्र एवं सुख की प्राप्ति होती है।, भविष्यपुराण के अनुसार जो मनुष्य एक बार ही धतूरे के फल से शिवलिंग की पूजा करते है वह गोदान का फल प्राप्त कर शिवलोक में जाते हैं।



कैथल। नशा तस्कर पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

# नशा तस्कर से २४२ किलो ५६ ग्राम डोडापोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा पूंडरी क्षेत्र से ट्रक में नशा तस्करी कर रहे आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से 242 किलो 56 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद अपनी पुलिस टीम के साथ शाम के समय गश्त दौरान गुरु ब्रह्मानंद चौक पूंडरी के पास मौजूद थे। पुलिस टीम को सूचना मिली कि एनएच 152 डी मोहना पुल के नीचे एक ट्रक नंबर HR 64A 0665 मार्का अशोका ली लैंड खड़ा है। जिसमें एक व्यक्ति बैठा है तथा ट्रक में नशीला पदार्थ डोडा पोस्त लिए है। तुरंत रेड करके उक्त व्यक्ति को भारी मात्रा में डोडा पोस्त सहित काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने से टीम ने मुस्तैदी पूर्वक कार्यवाही करते मोहना एनएच 152 डी पुल के नीचे से उक्त ट्रक चालक को काबू कर लिया । जिसकी पहचान निलोखेड़ी जिला करनाल निवासी स्वर्ण सिंह उर्फ चौंजी के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी गुरविंद्र के समक्ष तलाशी दौरान ट्रक के कंटेनर में इलेक्ट्रॉनिक सामान लोड पाया गया तथा कंटेनर में सामान के ऊपर खाली जगह में 16 प्लास्टिक कट्टे बरामद हुए। जो 16 कट्टो से 242 किलो 56 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई तरसेम सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके बरामद डोडा पोस्त व ट्रक को जब्त कर लिया गया। बरामद नशे की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मध्यप्रदेश से उक्त नशीला पदार्थ लेकर आया है। इससे पूर्व आरोपी को करनाल पुलिस द्वारा वर्ष 2023 दौरान असंध थाना क्षेत्र से 5 किलो डोडा पोस्त सहित पकड़ा गया था।

## पुलिस इस मामले में दो और आरोपितों को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी

# शराब ठेकेदार हत्याकांड के 3 आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित

अबतक मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला पुलिस ने गांव खरकरामजी में शराब ठेकेदार की गोलियां मार कर हत्या करने के तीन आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। पुलिस ने इस मामले में दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अबतक पुलिस इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस पकड़े गए दोनों आरोपितो से पूछताछ कर रही है। क्या है मामला गांव महमूदपुर सोनीपत निवासी नवीन ने गत 21 जून को सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका दोस्त शराब ठेकेदार गांव खरकरामजी निवासी वीरेंद्र उर्फ बिंद्र गांव में ही शराब ठेके पर था। उसी दौरान कुछ युवक आए और वीरेंद्र पर फायरिंग कर वीरेंद्र उर्फ बिंद्र की हत्या कर दी थी। नवीन ने आरोप लगाया था कि वीरेंद्र की हत्या जेल में बंद गांव नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिढा, गांव साहनपुर निवासी दीपेंद्र राठी, गांव खरकरामजी निवासी अजय उर्फ निलिमा के इशारे पर की गई है। गांव साहनुपुर निवासी कमल उर्फ कमली, गांव हाट निवासी कर्मपाल तथा तीन अन्य ने वारदात को अंजाम दिया है। वीरेंद्र हत्याकांड में गांव खरकरामजी निवासी सुमित, सोनू, अनिल व कुछ अन्य ने रेकी कर हमलावरों को सूचना दी है। सदर थाना पुलिस ने नवीन की शिकायत पर राकेश उर्फ मिढा, दीपेंद्र राठी, अजय उर्फ निलिमा, कमल उर्फ कमली, कर्मपाल समेत आठ को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ हत्या, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था।

## वारदात सीसीटीवी में कैद थी, तीनों मुख्य हत्यारों की पहचान


जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो :हरिभूमि

### अब तक चार गिरफ्तार

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि हत्याकांड के तीन आरोपितों पर जिला पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। सूचना देने वालों का नामपता गुप्त रखा जाएगा। पुलिस मामले में चार आरोपितो को गिरफ्तार कर चूकी है।


फरार आरोपित रोहित राणा व जतिन उर्फ डेविड व रामपाल उर्फ बाबा।

### ये बोले-एसपी

शराब ठेकेदार वीरेद्र उर्फ बिद्र हत्याकांड मे जिला पुलिस ने आठ लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। सीसी टीवी फूटेज मे वीरेंद्र पर फायरिंग करते गांव मालवी निवासी रामपाल उर्फ बाबा, गांव रामराय निवासी जतिन उर्फ डेविड, पटियाला चौक निवासी रोहित राणा दिखाई दिए थे। जो घटना के बाद से भूमिगत है। जिला पुलिस ने तीनों आरोपितों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

### आरोपितों से पूछताछ जारी

पुलिस ने इस मामले में गांव साहनपुर निवासी कमल उर्फ कमली तथा गांव खरकरामजी निवासी सोनू को गिरफ्तार किया था।आरोपितों से पूछताछ में गांव बुढाखेडा निवासी तकदीर तथा जुलाना के वार्ड 11 निवासी अजय नाम सामने आया था। शदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तकदीर तथा अजय आरोपितो को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनो आरोपितो से पूछताछ कर रही है।

### महिला ने संदिग्ध हालात में निगला जहर, मौत

**जींद।** खेम नगर में महिला ने संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसकी निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक लिव इन रिलेशन में रह रही थी। शहर थाना पुलिस ने मृतका के बेटे के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। खेम नगर निवासी रूपकेश (40) ने गत संदिग्ध हालात में गत दिवस शाम को जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान रूपकेश की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। महिला के पति की मौत वर्ष 2021 में हो गई थी। जिसके बाद से महिला एक व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी।


जुलाना। बीडीपीओ कार्यालय में धरना देते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### तीन माह से वेतन नही, धरना देकर जताया रोष

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के बीडीपीओ कार्यालय में तीन माह से वेतन नही मिलने पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने की अध्यक्षता सीटू नेता सुरेश करसोला ने की। सुरेश करसोला ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को तीन माह वे वेतन नही मिल रहा है। जिससे उन्हें काफी आर्थिक संकट से होकर गुजरना पड़ रहा है। बच्चो की पढ़ाई से लेकर रसोई खर्च चलाने में भी सफाई कर्मचारी असमर्थ हो रहे हैं। कई बार इस संबंध में शिकायत भी दी लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया। जब तक सफाई कर्मचारियों को वेतन नही मिलता तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर कर्मचारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया।

### सीवरेज निर्माण के लिए की खुदाई बनी परेशानी

**राजौंद।** नगर के पूंडरी चौक पर सीवरेज निर्माण के लिए की गई खुदाई आए दिन वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनती जा रही है।अब यहां यह आम बात बन चुकी है वैसे पुरे राजौंद नगर के सभी मार्ग उखाड़े हुए है। जहां धूल भरा वातावरण हर नगरवासी व राहगीर के लिए मुसीबत बना हुआ है। वहीं एक दो दिन में भारी वाहन सड़क पर धंसा हुआ नजर आ ही जाता है। गुरुवार को पूंडरी चौक से निकलते वक्त इंटों से भरी ट्राली चौक पर गड्ढे से गुजरते समय धूरी टूट गई। जिससे एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। ट्रैक्टर चालक ने बताया कि पूरी सड़क उबड़-खाबड़ बना दी है। कही मिट्टी गीली होने कारण वाहन धंस जाते है तो कहीं गड्ढे होने के कारण सड़क पर वाहन टूट रहे हैं। काफी लंबे समय से वाहन चालकों के लिए यह सड़क मुसीबत बनकर रह गई है।


कैथल। मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती डीसी से बातचीत करते।

### मैराथन में बढ़चढ़ कर भाग लें आमजन

**कैथल।** मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने 13 जुलाई को होने वाली हॉफ मैराथन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से साथ बैठक कर अब तक की तैयारियों पर चर्चा की। कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियां को समय रहते पूर्ण करवाएं। हॉफ मैराथन में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने हॉफ मैराथन से पूर्व शनिवार को आयोजित होने वाली बैठकों के बारे में आवश्यक जानकारी ली। साथ ही जिले के अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी कैथल में आमजन के बीच आ रहे हैं। वे हॉफ मैराथन के माध्यम से जिले को स्वास्थ्य संबंधी संदेश देंगे और सरकार की ड्रग फ्री मुहीम की जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ड्रग जैसी बुराई के खात्मे के लिए विशेष मुहीम चलाई है। जिसके तहत कई जिलों में ऐसे आयोजन हो चुके हैं। अब कैथल में आयोजित होने वाले इस हॉफ मैराथन के माध्यम से ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश दिया जाएगा।

### 13.74 लाख रुपये हड़पने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने तीन युवकों को साउथ कोरिया भेजने को झांसा देकर 13 लाख 74 हजार रुपये हडपने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। लोको कालोनी निवासी पवन कुमार, गांव अमरहेड़ी निवासी अर्जुन, चंद्रलोक कालोनी निवासी मुकेश ने गत 15 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वे तीनों बेरोजगार हैं। उनका संपर्क दया बस्ती निवासी प्रवीण तथा अमरहेड़ी निवासी दीपक से हुआ। प्रवीण ने बताया कि वे युवकों का विदेश भेजने का कार्य करते हैं। उन्होंने पटियाला चौक पर अपना कार्यालय भी खोला हुआ है। वहीं पर दीपक से बातचीत हुई। दोनों ने बताया कि उन्हें वर्क वीजा पर साउथ कोरिया भेज देंगे। वहां पर लाखों में कमाई होगी। जिसकी एवज मे प्रत्येक से साढ़े तीन लाख की डिमांड की गई।

## पंचायती राज विभाग ने लगाया 46.53 लाख रुपये का टेंडर

# गांव सच्चाखेड़ा में जल्द बनेगा सब हेल्थ सेंटर

- आसपास के कई गांवों के मरीजों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव सच्चाखेड़ा को नए सब हेल्थ सेंटर की सौगात मिली है। इस सब सेंटर के खुलने से आसपास के कई गांवों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। लंबे समय से सच्चाखेड़ा में सब हेल्थ सेंटर के भवन निर्माण का इंतजार बना हुआ था। अब स्वास्थ्य विभाग की यह सौगात जल्द ही ग्रामीणों को मिलेगी। इसके टेंडर की बिड 17 जुलाई को खुलेगी। गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। इसके लिए कई गांवों में चल रहे सब हेल्थ सेंटर के पुराने भवनों को कंडम घोषित किया था। अब यह भवन सुविधाओं युक्त बनाए जाएंगे। सच्चा खेड़ा में बनने वाले इस सब हेल्थ सेंटर पर 46.53 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इसका अस्टीमेट स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों पर तैयार करवाया गया। अब मुख्यालय से बजट जारी होने के बाद पंचायती राज विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। कई वर्ष पहले स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी कर कंडम हुए भवनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। पहले इन भवनों के निर्माण का काम पीडब्लयूडी विभाग को दिया गया था लेकिन अब पंचायती राज विभाग को इन भवनों के निर्माण का काम दिया गया है। इसके लिए बजट जारी कर जल्द काम शुरू करने के निर्देश भी दिए हैं। सब हेल्थ सेंटर के कंडम हो चुके भवनों में मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को बैठने में भी डर रहता था। जिन गांवों में भवन कंडम हो चुके हैं। वहां पर यह सेंटर निजी भवनों में चल रहे हैं। अब ग्रामीणों व स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के लिए भी यह राहत भरी खबर है। नए भवनों में लैब से लेकर अन्य सभी जरूरत की सुविधाएं स्वास्थ्य कर्मियों को उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसमें सीएचओ का कमरा, एमपीएचडब्ल्यू का कमरा, लैब, शौचालय व वार्ड को बेहतर बनाया जाएगाए ताकि किसी प्रकार की परेशान न रहे।

### राशि जारी कर दी

पंचायती राज विभाग के अधीक्षक अभियंता पोषण कन्याण ने बताया कि बड ओपन होने के बाद जल्द ही टेंडर जारी करके इस पर काम शुरू किया जाएगाए ताकि निर्धारित समय में भवन का निर्माण कार्य पूरा कर जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सौंपा जा सके। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सच्चाखेड़ा गांव में हेल्थ सब सेंटर बनाने के लिए एस्टीमेट तैयार करवाया गया था। इसके लिए अब राशि जारी कर दी गई है।


जींद। स्कूल में औच्चक निरीक्षण करने पहुंची शिक्षा विभाग उपनिदेशक कमलजीत कौर।

### शिक्षा विभाग उपनिदेशक ने किया स्कूल का निरीक्षण

**उचाना।** डूमरखां के जीजीएसएसएस में शिक्षा विभाग उपनिदेशक कमलजीत कौर द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की भाषा लैब, कंप्यूटर लैब एवं विद्यार्थियों को दिए जाने वाले तत्वों का विवरण एवं साफ सफाई चेक किया। उपनिदेशक ने कंप्यूटर लैब की अध्यापिका से विद्यार्थियों को पढ़ाई जाने के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं पूछा गया कि विद्यार्थियों को भाषा का ज्ञान प्राप्त करने में लैब कितनी महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को कंप्यूटर के बारे में कितनी जानकारी हासिल की। उन्होंने शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षक ही एक राष्ट्र का निर्माता होता है। क्योंकि अध्यापक से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास संभव हो पता है इसलिए सभी अध्यापक अपनी इस कार्य में राष्ट्र को सहयोग दें। भविष्य में भी खंड की अन्य स्कूलों का औच्चक निरीक्षण किया।

## खबर संक्षेप

### नरवाना नगर परिषद में तीन पार्षद किए नोमिनेट

**नरवाना।** नरवाना नगर परिषद में सरकार लोकल बाडी मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के अनुसार नरवाना नप में तीन पार्षद नियुक्त किए गए हैं जिनमें पूनम देवी जनरल से रंधीर धीरा बीसी से और एससी से रमेश तुफान को नोमिनेट किया गया है। पूनम देवी ने पीछे चेयरमैन नगर परिषद का चूनाव भी लड़ा था जिसमें 4000 से अधिक वोट हासिल कर चौथे स्थान पर रही थी।

### महिला संदिग्ध हालात में लापता, दो पर केस दर्ज

**जींद।** उचाना कलां में महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने पति समेत दो लोगो के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। गांव रेवर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन गांव उचाना कलां निवासी अनिल के साथ विवाहित है। जिनके दो बच्चे हैं। गत पांच जून को उसकी बहन को उसके पति अनिल के साथ झगड़ा हो गया।

### स्वरोजगार योजना के तहत तीन लाख तक का ऋण

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा विधवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से विधवा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए तीन लाख तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### विधायक की लोकप्रियता से कईयों की उड़ी नींद

**उचाना।** भाजपा उचाना मंडल युवा प्रधान एवं पार्षद पंकज करसिंधु ने कहा कि भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की बढ़ रही निरंतर लोकप्रियता से कईयों को पेट में मरोड़े लगने लगे है तो रातों की नींद उड़ गई है। उचाना शहर एवं नेशनल हाइवे पर जलभराव की जो समस्या है वो आज की नहीं है बल्कि वर्षों पुरानी है। बारिश के बाद जहां-जहां जलभराव हुआ वहां खुद विधायक अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। आज तक कोई भी विधायक बारिश के बाद भरने वाले जलभराव का निरीक्षण करने नहीं पहुंचा था।

### खाली सीटो को फिजीकल काउंसिल द्वारा भरा जाएगा

**नरवाना।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के निर्देशानुसार अंडर ग्रेजुएट दाखिला प्रक्रिया के लिए के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में 11 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग द्वारा खाली सीटों को भरा जाएगा। दाखिला प्रक्रिया के नोडल अधिकारी प्रो मोहित ने बताया कि पहली मेरिट लिस्ट आने के बाद बच्ची खाली सीटें 11. 07. 2025 को फिजिकल काउंसिलिंग के द्वारा भरा जाएगा।

### प्रतिष्ठित वैश्विक विशेषज्ञों ने विद्यालय का दौरा किया

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौंदा खुर्द में वीरवार का दिन अत्यंत ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा जब अमेरिका और ब्रिटेन से आए तीन प्रतिष्ठित वैश्विक विशेषज्ञों ने विद्यालय का दौरा किया। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए वैश्विक स्तर की सोच तकनीकी जागरूकता और आत्मविकास का एक अनमोल क्षण साबित हुआ।

### डीएसपी अमित के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**नरवाना।** क्षेत्र के ऊर्जावान ईमानदार कर्मठ एवं निष्ठावान पुलिस अधिकारी अमित भाटिया के स्थानांतरण पर शहर के रंगमच श्रीरामा भारतीय कला केन्द्र ने उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया। प्रैस प्रवक्ता शैलेन्द्र मोहन ने बताया कि डीएसपी अमित भाटिया प्रशासनिक कार्यों में दक्ष थे जिससे शहर में कानून व्यवस्था चाक चौबंद थी।

### केशव शाखा ने बनाया परिषद का स्थापना दिवस

**नरवाना।** भाविप केशव शाखा के द्वारा विश्वकर्मा मावि में नजदीक भगत सिंह चौक नरवाना में परिषद के 63 वें स्थापना दिवस व गुरु पूर्णिमा को बच्चों के साथ बनाया । केशव शाखा के संरक्षक सतीश सेतिया ने बताया कि डॉप सूरज प्रकाश भारत विकास परिषद के संस्थापक महासचिव और वास्तुकार थे।

## इंडस स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरीः चावला

### पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबका नैतिक कर्तव्यः प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जींद में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर कुविवि के सेवानिवृत कुलपति डा. अविनाश चावला ने शिरकत की। सबसे पहले एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत माता परमेश्वरी देवी (माता जी चेयरमैन इंडस ग्रुप) एवं माता तारा देवी (माताजी ग्रुप डॉयरेक्टर) की याद में लगाया गया। मुख्यअतिथि विशिष्ठ अतिथियों और गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीन ने किया। मुख्यअतिथि, विशिष्ठ अतिथि व वरिष्ठ नागरिकों ने पौधारोपण करते पर्यावरण संकरक्षण के महत्व पर बल दिया। मुख्यातिथि ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। वर्तमान में हो रहे पर्यावरण प्रदूषण पर निराशा व्यक्त करते कहा कि दिन-प्रतिदिन पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। इसको सुरक्षित रखने के लिए तथा जीव व जंतुओं को बीमारियों से बचाने के लिए हम सबको अधिक-से-अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए गुरूजनों का आदर करने के साथ-साथ परिश्रम करने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही कहा कि जीवन में सफलता के लिए सर्वप्रथम अपने लक्ष्य का चुनाव करें और उसे हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत करें। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते बीएम पवार ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि हमे समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। जिससे जरूरतमंदों को सही समय पर रक्त मिल सके और उनकी जान बच सके। सुभाष पाहवा ने कहा कि अगर हम स्वस्थ होंगे तो देश स्वस्थ होगा। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया साथ ही बताया कि नशा एक हमारे समाज के लिए धीमा जहर है जो धीरे-धीरे हमारे समाज को नष्ट कर रहा है। इसके प्रति हमें सजग रहना होगा और नशा मुक्ति की मुहिम को चलाने के लिए प्रचार प्रसार करना होगा। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में मनुष्य पर्यावरण के प्रति सचेत नही हैं, इसी कारण चारों तरफ प्रदूषण अत्यधिक मात्रा में फैला हुआ है। हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम अपने आसपास तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखें। इंडस पब्लिक स्कूल ने पेड़-पौधे लगा कर पर्यावरण को संतुलित बनाने का प्रयास किया है। हमे प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नही करनी चाहिए।




**जींद।** इंडस स्कूल में पौधे रोपित करते प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

मुख्यातिथि डा. अविनाश चावला, उषा चावला, विशिष्ठ अतिथि व वरिष्ठ नागरिक, जोगिंद्र पाहवा, बीके भारद्वाज, सुबेदार मेजर इंद्रजीत सिंह भारद्वाज, कमांडेंट रमाकांत शर्मा, योगेश गुप्ता, वीके गुप्ता, अनिक अरोड़ा, आरएस सिंधवानी, वासुदेव आहुजा, देशराज शेखिया, एसपी भारद्वाज, सीएल ग्रोवर, रवि चौपड़ा, जसवंत, बलदेव आहुजा, सभी अध्यापकगण एवं सभी कक्षाओं के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

कस्बे के हनुमान मंदिर में भाविप शाखा जुलाना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने रक्तादाताओं को बैज लगाकर हौंसला बढ़ाते कहा कि रक्तदान करने से हम किसी भी जरूरत अनजान व्यक्ति की जान बचा सकते हैं।

रक्तदान शिविर में मुख्यरूप से नपा चेयरमेन प्रतिनिधि डा. पुष्पा जांगड़ा, चौकी इंचार्ज अजय कुमार व सत्यनारायण बंसल ने पहुंच कर युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले युवाओं को मुख्य अतिथि एसडीएम होशियार सिंह ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। चौकी प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से मनुष्य की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। डा. पुष्पा जांगड़ा ने कहा की कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। गुरदास सिंह, संरक्षक विष्णुदत अत्रि, पूर्व अध्यक्ष राजबीर भारद्वाज, पूर्व कोषाध्यक्ष रामलाल सिंगला, सचिव पवन सिंगला, कोषाध्यक्ष विजय बंसल, प्रकल्प प्रमुख संदीप आर्य, आनंद लाठर आदि मौजूद रहे।





**नरवाना।** पौधरोपण करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### सौ से अधिक पौधे लगाए

**नरवाना।** ग्राम इश्माइलपुर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते बुधवार को एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत एसडी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ओर इको क्लब के द्वारा 100 पौधे योगशाला में लगवाएं। अभियान में गाँव की सामाजिक समुदाय युवा मंडल के सदस्य ग्राम पंचायत के सदस्यों ने मिलकर भाग लिया। सामूहिक प्रयास के अंतर्गत गाँव के योग शाला परिसर के आसपास और किनारे कुल 100 से अधिक पौधे रोपे गए। इन पौधों में नीम पीपल गुलमोहर आम आंवला और तुलसी जैसे औषधीय एवं छायादार वृक्ष शामिल है।गाँव के युवाओं ने खुद गड्ढे खोदे कॉलेज की छात्राओं ने पौधों की सिंचाई की व्यवस्था संभाली और महाविद्यालय के बच्चों ने पेड़ लगाओ जीवन बचाओ जैसे नारों के साथ गाँववासियों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना ओर इको क्लब की प्रभारी मधु शर्मा और डॉ शालू सचदेवा ने बताया कि गाँव को हराभरा और स्वच्छ बनाना हम सबका कर्तव्य है।

### एसो.जल्द करवाएगी योग खेल प्रतियोगिताएंः डॉ. विद्यार्थी

**जींद।** हरियाणा योग स्पोट्र्स एसो ब्लॉक, जिला ए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर योग खेल प्रतियोगिताएं करवाएगी। हरियाणा योग स्पोट्र्स एसोसिएशन के चेयरमैन डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि पंचकूला में हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय योग एसोसिएशन की बैठक में निर्णय दिए गए कि हरियाणा योग स्पोट्र्स एसोसिएशन को शीघ्र ही हरियाणा ओलंपिक संगठन से संबंधित करवाया जाएगा। सभी जिला संगठन को रिव्यू करके उनका पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में योग खेलों की प्रतियोगिताएं करवाने के लिए एक खेल टेक्निकल कमेटी का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस के पूर्व महानिरीक्षक ईश्वर सिंह दुहन होंगे तथा सचिव सुनील कुमार होंगे। जो हरियाणा में सभी प्रतियोगिताओं का संचालन करेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**जींद।** भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा द्वारा संगठन के 63वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल झांझ कलां में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छायादार एवं फलदार पौधे तथा एक त्रिवेणी (पीपल, बरगद, नीम) का रोपण किया गया। जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं का सम्मान करते हुए गुरु शिष्य परंपरा को जीवंत किया। इसके अतिरिक्त कक्षा छह से 12 तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रमेश सिंगला एवं प्रो. ओपी गुप्ता ने उपस्थित बच्चों को परिषद की रीति-नीति, उद्देश्य एवं इसके सामाजिक सरोकारों से अवगत करवाया और उन्हें संगठन से जुडने एवं समाज सेवा में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शाखा अध्यक्ष नारिश रोहिल्लाए शाखा संयोजक सेवा बाल किशन बंसलए महिला संयोजिका रीटा बंसल, प्रांतीय संयोजक सेवा संदीप बंसल, प्रोफेसर ओपी गुप्ता, मनीषा रोहिल्ला, रमेश सिंगला मौजूद रहे।



**जींद।** कार्यक्रम के दौरान त्रिवेणी लगाते भाविप पदाधिकारी।




**जींद।** नाटक प्रस्तुत करते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### शिक्षक राष्ट्र का वास्तविक निर्माता

**जींद।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आधारशिला विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इसमें विद्यार्थियों में कविता, दोहे, भाषण व लघु नाटिका के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करतु उन्होंने गुरूओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। शिक्षकों ने भी अपने छात्रों को आशीर्वचन देकर उनके भावी जीवन की मंगलकामना की। अपने संबोधन के दौरान प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने विद्यार्थी जीवन में गुरू की महता पर प्रकाश डालते कहा कि गुरू से ही जीवन शुरू होता है। विद्यालय निदेशिका अंजू सिहाग ने कहा कि राष्ट्र का वास्तविक निर्माता एक शिक्षक ही होता है। अपनी शिक्षा, कला, ज्ञान व कौशल का हस्तांतरण योग्य हाथों में करना ही एक गुरू की गुरूता है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को दुपट्टे भेंट कर सम्मानित किया।

### नीलकंठ पर भंडरे के लिए वाहन रवाना

**उचाना।** सावन माह में नीलकंठ (उत्तराखंड) में लगने वाले भंडारे को लेकर गाड़ी को भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नीलकंठ में सावन माह में लगातार 14वां भंडारा शिव शक्ति सेवादार चेरिटी नरवाना एवं करनाल के सहयोग से लगाया जा रहा है। यहां पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी 14 सालों से भंडारे में सहयोग कर रहे है। संस्था के सदस्य देवेंद्र कौशिक, बलिंद्र, प्रमोद पालवां, मिट्टू शर्मा, बलवान कापड़ो, पंकज शर्मा, मुकेश दहिया भी सहयोग करते है। सुषमा अत्री ने कहा कि सावन के माह में लगने वाले भंडारे के वाहन को रवाना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भंडारा शिव भक्तों के लिए लगातार 14 सालों से लगाया जा रहा है जो सराहनीय है। सावन का माह भगवान शिव का सबसे प्रिय माह है। इस माह में शिवभक्त हरिद्वारए गौमुख से कांवड लेकर आते है।



नीलकंठ पर भंडारे को लेकर वाहन को रवाना करते सुषमा अत्री।



**जींद।** जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

### 41 दिव्यांग बच्चों की जांच

**जींद।** समग्र शिक्षा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा सरकारी स्कूलों में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक पढने वाले दिव्यांग बच्चों के चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन अंकुर दिव्यांग स्कूल में किया जा रहा है। वीरवार को जींद खंड के सरकारी विद्यालयों में पढने वाले कुल 41 बच्चों की चिकित्सा जांच की गई। पात्र बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए गए। इस जांच शिविर में नागरिक अस्पताल से चिकित्सक एवं सहायक स्टाफ, रेडक्रॉस स्टाफ, लिम्को स्टाफ, समाज कल्याण विभाग स्टाफ , रोडवेज स्टाफ और सभी विशेष अध्यापक उपस्थित रहे। इस चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन एपीसी अशोक गौतम की देखरेख में किया। शिविर का निरीक्षण जिला परियोजना संयोजक रीतू पंघाल, डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, प्राचार्य जगबीर ढांडा, प्राचार्य राजकुमार भोला ने किया। शुक्रवार को खंड नरवाना के सरकारी स्कूलों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों की चिकित्सा जांच की जाएगी।



**जींद।** शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

### शिकायतों का समाधान करने के निर्देश

**जींद।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में बिजली, सड़क, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व और अन्य विषयों से संबंधित कुल आठ शिकायतें दर्ज हुईं। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। एक ही शिकायत बार-बार सामने न आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्णए प्रभावी और संतोषजनक तरीके से किया जाए। शिविर में चाबरी कॉलोनी के निवासियों ने मुख्य गली की मरम्मत व जल निकासी की समस्या रखी। जिस पर डीसी ने संबंधित विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव मांडोखेड़ी के एक निवासी ने तूफान के कारण टूटे बिजली के पोल से बाधित बिजली आपूर्ति की शिकायत दी। डीसी ने बिजली विभाग को त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए।

## जींद : पुष्पा तायल को उपाध्यक्ष से महामंत्री बनाया, गौरव भारद्वाज को बनाया उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जिला भाजपा कार्यकारिणी की लिस्ट में मात्र चौबीस घंटे में ही फेरबदल किया

जिला भाजपा द्वारा 24 घंटे पहले जारी की गई भाजपा कार्यकारिणी की लिस्ट में बदलाव कर दिया है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष बनाई गई महिला उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल को महामंत्री बनाया गया है। वहीं महामंत्री बनाए गौरव भारद्वाज को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। काबिलेगौर है कि बुधवार दोपहर को भाजपा के जिला प्रधान तेजेंद्र ढुल तथा जिला प्रभारी मदन गोयल ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की थी। इसमें 23 पदाधिकारियों के नाम शामिल थे। जिनमें डा. पुष्पा तायल समेत सात कार्यकर्ताओं को उपाध्यक्ष बनाया गया था। जबकि गौरव भारद्वाज, जितेंद्र को जिला महामंत्री तथा सात सचिव नियुक्त किए थे। नवनियुक्त पदाधिकारियो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भाजपा आलाकमान का आभार भी जता दिया था। वीरवार को दोबारा से लिस्ट जारी हुई। जिसमें उपाध्यक्ष नियुक्त की गई पुष्पा तायल को जिला महामंत्री बनाया गया है और महामंत्री बने गौरव भारद्वाज को उपाध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि उन्हें वीरवार को सीधा लैटर ही मिला है। जिसमें उपाध्यक्ष से महामंत्री नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि डा.पुष्पा तायल काफी समय से भाजपा पार्टी तथा संगठन मे सक्रिय है। उन्हे अनुभव भी काफी है। भाजपा के जिला प्रधान तेजेंद्र ढुल ने बताया कि यह यह संगठन का फैसला है। जिसके चलते संशोधित सूची जारी की है।



डा. पुष्पा तायल।



**जींद।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

### मेहनत करने की प्रेरणा दी

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के नौ खिलाड़ियों ने नासिक में तलवारबाजी में पदक प्राप्त किया है। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि यह तलवारबाजी खेल पांच जून से सात जून तक संपन्न हुई। 13वीं चाइल्ड व सातवीं मिनी नेशनल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें पूरे भारतवर्ष से 650 खिलाड़ियों ने भाग लिया। डीएवी विद्यालय के खिलाड़ियों नेअच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में अनेक पदक अपने नाम किए। राष्ट्रीय स्तर पर लड़कों में ओवरआल ट्राफी और लड़कियों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में समृद्धि ने फॉयल इवेंट में गोल्ड मेडल, जितेश ने साबर इवेंट में गोल्ड मेडल, साक्षी और समक्ष ने फॉयल इवेंट में ब्रॉज मेडल तथा एंजेलिना ने ईपी इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर अपने जिले ही नहीं डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद व पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने सभी खिलाड़ियों कोच दिनेश व वीना सैनी तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं दी और जीवन में इसी प्रकार मेहनत करने की प्रेरणा दी।

## डिप्टी स्पीकर ने आवास पर जनता दरबार लगा सुनी समस्याएं

# लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है और आपकी सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा जहां हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। वहीं आमजन की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों के लिए 24 घंटे दरवाजे खुले हैं कोई भी व्यक्ति किसी भी समय अपनी समस्याओं को लेकर आ सकता है। आमजन के लिए निरंतर जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निवारण किया जाता है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को अपने आवास पर जनता का खुला दरबार लगा कर आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। अधिकारियों को आमजन की समस्याओं को त्वरित आधार पर दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपका सहयोग और विश्वास ही हमें लगातार प्रेरित करने का काम करता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अंत्योदय उत्थान की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अनेक परियोजनाएं आरंभ की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र के किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के गांव, शहर, उद्योग और कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास में जो गति वर्तमान सरकार ने दी है, उसकी मिसाल पूरे देश में दी जा रही है। हरियाणा सरकार निरंतर नई योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों को लागू कर प्रदेश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे किसानों की आय बढ़ाने की योजनाएं हों, युवाओं को रोजगार से जोडऩे के प्रयास हों या महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदम, हर क्षेत्र में सरकार प्रभावी कार्य कर रही है।



**जींद।** जनता दरबार में शिकायतें सुनते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।




**जींद।** जागरूकता को लेकर पंपलेट वितरित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें

**जींद।** रोड रूल्स, लाइफ टूल्स अभियान के तहत बुधवार को ऑटो स्टैंडए रेलवे स्टेशन के निकट एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता देवराज मलिक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करके न केवल हम अपनी सुरक्षा कर सकते हैं बल्कि दूसरों की भी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है। साथ ही ओवरस्पीडिंग से बचना चाहिए और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम सभी ट्रैफिक नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं में भारी कमी लाई जा सकती है और एक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सकती है। शिविर में एसएचओ ट्रैफिक ने यातायात नियमों, चालान और जुर्माना प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अधिकार मित्र सतीश व ज्योति ने उपस्थित लोगों को ट्रैफिक नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किए।

**खबर संक्षेप**



भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु

## भंडारे में कढी चावल का का प्रसाद बांटा

**कैथल ।** माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान की प्रतिमा के पास नौंवा भंडारा कढी चावल का भंडारे का आयोजन किया गया। भंरे का शुभारंभ प्रीतिपाल बंसल, प्रमुख समाजसेवी एवं उघोगपति कैथल ने भगवान हनुमान सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर भण्डारा का युभांरभ किया। लगभग एक हजार भक्तो ने प्रसाद को ग्रहण किया। यह भण्डारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान भण्डारा समिति प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है। दसवां भण्डारा 9 अगस्त को लगाया जाएगा।

## आढ़तियों को ठेकेदारों ने नहीं दिया अब तक किराया

**गुहला-चीका ।** गत गेहूं सीजन में ढुलाई कार्य पूर्ण रूप से संपन्न हो चुका है, लेकिन अभी तक संबंधित ठेकेदार द्वारा आढ़तियों को उनका किराया नहीं दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर अनाज मंडी चीका के आढ़तियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुहला के एसडीएम प्रवेश कुमार से मिला और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रूल्दु राम नंबरदार ने बताया कि आढ़तियों ने अपने निजी संसाधनों से गेहूं ढुलाई का कार्य किया था, लेकिन सीजन समाप्त होने के बाद भी उन्हें अब तक भुगतान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि विभागों ने ठेकेदार को भुगतान कर दिया है, लेकिन ठेकेदार ने आढ़तियों को उनका किराया नहीं दिया।

### किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था

# प्रशासन का चला पिला पंजा, अनाज मंडी गेट व सब्जी मंडी के सामने से हटाए गए अवैध कब्जे

**पहले ही कई बार नोटिस दिए जा चुके थे। उनके ही सहयोग से अन्य 4-5 लोगों ने भी वहां अवैध कब्जा जमा रखा था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी ।** पूंडरी में खोखे हटाती जेसीबी तथा रोष प्रकट करते खोखे व रेहडी वाले। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी में अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को सब्जी मंडी के सामने और अनाज मंडी के मुख्य गेट पर लगे खोखे और रेहड़ियों को हटाने की कार्रवाई की। यह अभियान मार्केट कमेटी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया गया।

इस दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप श्योकंद और मार्केटिंग बोर्ड के डीएम अभिनव वालिया मौजूद रहे। मार्केट कमेटी के सचिव गुलाब सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई गांव सिंगरौली निवासी राहुल द्वारा सीएम विंडो पर दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई थी।

शिकायत में राहुल ने बताया था कि अनाज मंडी गेट के सामने अवैध रूप से छोले-भटूरे और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले खोखे एवं रेहड़ियां लगाई गई हैं, जिससे मंडी में आने वाले किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, सुलभ शौचालय के सामने भी अवैध कब्जे कर लिए गए थे जिससे आमजन को असुविधा हो रही थी। सीएम विंडो पर कार्रवाई करते हुए डीसी कैथल प्रीति द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर कार्रवाई के आदेश जारी किए गए। इसके बाद मार्केट कमेटी ने पहले भी इन अवैध कब्जेदारों को कई बार नोटिस भेजे, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब न मिलने पर बुधवार को मौखिक चेतावनी दी गई। जब इसके बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया, तो शुक्रवार को जेसीबी मशीन के माध्यम से इन खोखों और रेहड़ियों को हटाया गया। मार्केट कमेटी सचिव गुलाब सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी बलदेव सिंह को पहले ही कई बार नोटिस दिए जा चुके थे। उनके ही सहयोग से अन्य 4-5 लोगों ने भी वहां अवैध कब्जा जमा रखा था। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कब्जा न हटाने पर प्रशासन को यह कार्रवाई करनी पड़ी।

**अब करेंगे सघर्ष**

वहीं दूसरी ओर बलदेव कश्यप, प्रवीण, अनिल वालिया, पवन कश्यप, सावन, बिट्टू, झिलमिल, प्रभु व सुशील कुमार प्रभावित लोगों का कहना था कि वे बेहद गरीब हैं और इन खोखों व रेहड़ियों से ही अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। प्रशासन द्वारा बिना पूर्व सूचना दिए अचानक की गई इस कार्रवाई से उनका रोजगार छिन गया है और अब वे रोजी-रोटी के लिए संघर्ष करेंगे।

**पुलिस बल रहा तैनात**

*पुंडरी थाना पुलिस प्रभारी बहादुर सिंह ने कहा कि उन्हें प्रशासनिक आदेश प्राप्त हुए थे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।*

**अवैध कब्जा हटाया**

*जिला प्रशासन डीसी कैथल के निर्देशानुसार अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई शांतिपूर्ण रही।* ***-प्रदीप श्योकंद, ड्यूटी मैजिस्ट्रेट पूंडरी।***



**कलायत।** कलायत में खंड शिक्षा अधिकारी के साथ नवोदय विद्यालय की टीम

## दाखिला प्रक्रिया को लेकर बीइओ से मिले जेएनवी के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

वर्ष 2026-2027 के शैक्षणिक सत्र को लेकर जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन-पत्र प्रक्रिया शुरू हो गई है। खंड कलायत में कक्षा पांचवीं में पढ़ रहे विद्यार्थी प्रवेश मुहिम में बढ़-चढक्रर भाग ले सकें। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार नैन ने जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधन के सहयोग से कलायत के सभी 7 क्लस्टरों में आज विशेष बैठकों का आयोजन किया। इसमें सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुख्य अध्यापकों को आमंत्रित किया गया। क्लस्टर स्तर की बैठकों में नवोदय विद्यालय प्रबंधन की तरफ से दुलचंद गुप्ता व वाजिद अली, खंड कार्यालय से स्वयं खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संसाधन संयोजक कार्यालय से डा.नरेंद्र कुमार बाल्यान ने उपस्थिति दर्ज करवाई। डा.नरेंद्र बाल्यान ने बताया कि नवोदय विद्यालय प्रबंधन टीम ने प्राथमिक विद्यालय मुखियाओं को प्रवेश आवेदन-पत्र के लिए पूरी ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया विस्तारपूर्वक बताई। खंड शिक्षा अधिकारी कलायत ने प्राथमिक विद्यालय मुखियाओं को अपने-अपने विद्यालय में ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करने को कहा। कार्य की प्रगति रिपोर्ट डा.नरेंद्र कुमार बाल्यान व नवोदय विद्यालय प्रबंधन टीम द्वारा खंड के व्हाट्सएप समूह के माध्यम से रोजाना सांझा की जाती रहेगी। नवोदय विद्यालय की छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदक की जन्म तिथि की सीमा 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 है।

# किसानों का सरकार की नीतियों पर फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** सरकार की नीतियों का विरोध करते किसानों के साथ भाकियू नेता भूराराम पबनावा फोटो : हरिभूमि

भारतीय संयुक्त किसान मोर्चा की मासिक बैठक किसान भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लखा सिंह हाबड़ी ने की। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी और प्रदेश महासचिव भूरा राम पपनावा मौजूद रहे। बैठक में सरकार द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना का कड़ा विरोध किया गया। मोर्चा नेताओं ने दो टूक कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेताया कि संयुक्त किसान मोर्चा इस फैसले का डटकर विरोध करेगा और जरूरत पड़ी तो प्रदेशव्यापी प्रदर्शन भी किया जाएगा। अधिकारियों द्वारा लोड बढ़वाने वाले किसानों को छोटे ट्रांसफार्मर देने की नीति पर भी सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों द्वारा दिए गए ट्रांसफार्मरों के 45 दिन में खराब होने की गारंटी देना सरासर गलत और किसानों के साथ अन्याय है। इसके साथ ही बैठक में यूरिया और डी.ए.पी. खाद के साथ किसानों पर जबरन कीटनाशक दवाएं थोपने के मामलों पर चिंता जताई गई। मोर्चा नेताओं ने साफ किया कि यह प्रथा तत्काल बंद की जाए, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

*बैठक में जय सिंह, हरपाल सिंह संगरौली, बलबीर सिंह हाबड़ी, कुलविंद सिंह हाबड़ी, जय सिंह पपनावा, जीता राम, प्रेम सिंह, राज कुमार, रिया राम, सचिन, सुरेश, धर्म सिंह व गजे सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।*

# भारत विकास परिषद के 63 वें स्थापना दिवस पर प्राइमरी स्कूल भाटीयां में सेवा प्रकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



**गुहला चीका ।** विद्यार्थियों को ज्योमेट्री किट व बिस्कुट पैक्ट देते हुए फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा प्राइमरी स्कूल भाटीयॉ में सेवा का प्रकल्प किया गया। जिसमें शाखा की महिला व पुरुष सदस्यों द्वारा 34 बच्चों को उपहार स्वरूप ज्योमेट्री किट व बिस्कुट पैक्ट व तीन बच्चों वर्दी को दियी गई।

सभी अध्यापकों को गुरु पूर्णिमा पर परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। शाखा संरक्षक डॉक्टर विनोद कुमार गुप्ता द्वारा भारत विकास परिषद का उद्देश्य व परिषद द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी सभी बच्चों को दी। इस प्रकल्प के प्रमुख महिंदर पाल गर्ग (संयोजक सेवा), डॉ निधि बंसल (संयोजक संस्कार) , रविंदर गर्ग कोषाध्यक्ष सुमन गोयल महिला सहसहभागिता प्रमुख सुनील दत जी रहे।



**राजौंद।** भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी से मिलकर आभार प्रकट करते हुए मनी राम व अन्य।

## नपा का नोमिनेट पार्षद नियुक्त होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष का जताया आभार

- **योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे : मनीराम शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद निवासी पंडित मनीराम शर्मा ने राजौंद नगर पालिका का नोमिनेट पार्षद नियुक्त होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी से मिलकर उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वह उसे अच्छी तरह से निर्वाह करते हुए, निष्ठा व लगन से कार्य करेंगे तथा पार्टी द्वारा जारी योजनाओं का प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने इसके लिए पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर व पार्टी के अन्य पदाधिकारीयों का आभार प्रकट किया। मनीराम शर्मा भारतीय जनता पार्टी में लंबे समय से जुड़े हुए हैं। इस दौरान भाजपा राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल व पूर्व राजौंद मंडल अध्यक्ष कपिल दीक्षित,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कमल राणा व मंडल महामंत्री लोकेश राणा ने पंडित मनी राम को शुभकामनाएं दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खोले रोजगार के पिटारे : लीला राम

- **नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश तरक्की की राह पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पूर्व विधायक लीला राम कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए फोटो : हरिभूमि

पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि देश-विदेश में राष्ट्र के विकास का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देशहित में फैसले ले रहे हैं। इन्हीं फैसलों के बीच अब नया फैसला लेते हुए प्रधानमंत्री ने रोजगार का पिटारा खोल दिया है। उनकी अगुवाई में केंद्र सरकार ने भारत सरकार ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए चार महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इनमें सबसे अहम एक लाख करोड़ की पूंजी का प्रावधान है, जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। इसके तहत पहली बार नौकरी करने वालों को पंद्रह हजार रुपये तक का लाभ सरकार की ओर से होगा। इससे उद्योगपतियों को रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही सरकार ने रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ की अरडीआई योजना मंजूर की है। निजी क्षेत्र को उभरते एवं रणनीतिक क्षेत्रों में कम या शून्य ब्यज दरों पर कर्ज दिया जाएगा। इसके अलावा केंद्र सरकार की खेलो भारत नीति 2025 से खेलों में युवाओं के लिए नए अवसर मिलेंगे। लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां देश की सुरक्षा ताकत का ऑपरेशन सिंदूर से दूनिया भर को एहसास करवाया है, वहीं अब विकास की दृष्टि से अनेकों योजनाएं लागू करवाते हुए देश को विकास के रास्ते पर लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज भी गुटों में बंटी है, जबकि भाजपा का ध्यान देश के विकास पर है। इसी प्रकार से प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है। हरियाणा सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लिए विवाह शगुन योजना में बढ़ौतरी कर पिछड़ा वर्ग को बड़ा तोहफा दिया है। इसके अलावा लगातार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहितैषी योजनाओं को लागू कर रहे हैं। पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो मानसून सीजन से पहले तीन माह से ड्रेनों, नालों व सीवरेज की सफाई कार्य का बारीकि से निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना पर्ची-खर्ची के साढ़े सात हजार युवाओं को गुरप डी की नौकरी देकर प्रदेश के युवाओं को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार देकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरे देश में आदर्श सीएम बन गए हैं। पूरे प्रदेश में उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।



**पूंडरी।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ नवनियुक्त जिला सचिव हर्ष सेठी। फोटो: हरिभूमि

## जिला सचिव बने हर्ष सेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय जनता पार्टी कैथल के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता हर्ष सेठी को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला सचिव पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर हर्ष सेठी ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया है। हर्ष सेठी ने कहा कि यह पद मेरे लिए केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि संगठन के प्रति समर्पण, विश्वास और सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा, नीतियों और तकनीकी सशक्तिकरण को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर, कैथल जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी जी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, विधायक सतपाल जांबा और पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीश कठवाड़ सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

### स्कूल में खेल के सामान आने पर विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा

# 820 सरकारी स्कूल में अब पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के लिए खेलों में आगे बढ़ने के रहेंगे अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** कलायत के गांव चौशाला में शिक्षकों व समाज सेवी सुरेंद्र कुमार के साथ खेल का सामान दिखाते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

कलायत के गांव चौशाला स्थित सरकारी स्कूल में अब पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए खेलों में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर रहेंगे। जेबीटी शिक्षक मुकेश कुमार द्वारा ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को शहरों की तर्ज पर खेल सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों व सामाजिक संगठनों के साथ तालमेल बनाकर छेड़ा गया मिशन रंग लाता नजर आ रहा है। इसके तहत मुकेश कुमार के समक्ष उनके पूर्व छात्र सुरेंद्र कुमार और उनके पुत्र आर्यन ने गुरु दक्षिणा देने का प्रस्ताव रखा। शिक्षक ने शिष्य के इस सम्मान भाव को स्नेहभाव के तौर पर स्वीकार किया। लेकिन शिष्य की जिद गुरु के परामर्श पर कुछ नया करने दिखाने की रही। इस पर गुरु ने स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए खेल संसाधनों की सु-सज्जित खेल नर्सरी तैयार करवाने का प्रस्ताव रखा। इससे पिता-पुत्र ने सहर्ष स्वीकार किया। इसके तहत स्कूल में कुश्ती के लिए मेट, भाला, बॉक्ससिंग बैग, पंच, डंबल, बैडमिंटिन, क्रिकेट, शाट पुट, शतरंज, कैरम बोर्ड, रस्साकशी, रोलर स्केटिंग किट, फुटबाल व अन्य खेल का सामान विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों के लिए उपलब्ध करवाया गया। बड़े पैमाने पर स्कूल में खेल के सामान आने पर विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। खेल नर्सरी का तोहफा देने वाले सुरेंद्र कुमार ने बताया कि खंड के गांव चौशाला के सरकारी स्कूल में अध्यापकों की शिक्षण शैली ने उन पर खास प्रभाव छोड़ा है। इसके चलते ही शिक्षक मुकेश कुमार के परामर्श पर स्कूल को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने की कसक पैदा हुई।

**जन सहयोग से सरकारी स्कूल होंग मजबूत**

इससे पहले भी समाज सेवी विद्यालय के रख रखाव में अपना पूरा योगदान दे रहें हैं। इस क्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोग स्कूल में बिजली की निर्बाध सप्लाई के लिए सोलर पैनल, बच्चों के ट्रेक सूट, लेखन सामग्री व अन्य माध्यमों से सहयोग करते आ रहे हैं। मुख्य शिक्षक प्रदीप कुमार, एएमएसी प्रधान अजमेर सिंह, पंच रूबी देवी, पंच अमित कालिया, पंच सतपाल शर्मा, सत्यवान सिंह, अमित शर्मा, सुनील कुमार, सुनील दत्त, राजेश कुमार, अशोक स्वामी व अन्य शिक्षकों ने कहा कि सरकार के साथ-साथ जन सहयोग से ही सही मायने में सरकारी स्कूलों का ढांचा मजबूत किया जा सकता है। इससे न केवल जन सहभागिता बढ़ती है बल्कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारा की भावना विकसित करते हुए शिक्षा की लौ को कहीं ज्यादा रोशन किया जा सकता है।

## कांग्रेस को गरीबों की नहीं, सिर्फ कुर्सी की चिंता: अशोक गुर्जर



अशोक गुर्जर।

**पूंडरी ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा भाजपा सरकार पर लगाए गए बेबुनियाद आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस को न तो गरीबों की चिंता है और न ही विकास की। उन्हें सिर्फ सत्ता की कुर्सी से मतलब है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई दशकों तक देश और प्रदेश में राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने गरीबों के नाम पर केवल वोट बटोरने का काम किया, जबकि वास्तविक उत्थान कभी भी उनकी प्राथमिकता नहीं रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को पहली बार उनके अधिकार दिए छत, शौचालय, गैस कनेक्शन, मुफ्त राशन और स्वास्थ्य बीमा जैसी योजनाएं जमीनी स्तर पर पहुंचाईं। उन्होंने कहा कि जो लोग झूठे आंकड़े गिनाकर भाजपा पर सवाल उठा रहे हैं, वे जवाब दें कि अपने कार्यकाल में उन्होंने कितने गरीबों को मकान, शुद्ध पानी या शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं दीं? अशोक गुर्जर ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज गरीब, किसान और आमजन का सम्मान बढ़ा है।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाडला (कैथल) द्वारा डिलसर वाले तालाब व शिव मंदिर वाले तालाब की मछली पालन हेतु बोली दिनांक 16-07-2025 को प्रातः 11 बजे गांव की महाराणा प्रताप चौपाल में करवाई जाएगी जिसमें 50 हजार रुपए बतौर सिक्योरिटी लिए जाएंगे, बोली की अन्य शर्तें व नियम मौके पर बता दिए जाएंगे।

रामभज सरपंच, 8814090492
गुरदीप ग्राम सचिव 9992684966

## खबर संक्षेप



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

### परशुराम मंदिर में पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के परशुराम मंदिर में मंदिर में कलश स्थापना पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पवन शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि 19 जुलाई को नंदगढ़ गांव में दिल्ली की सीएम और हरियाणा की बेटी रेखा गुप्ता पहुंच रही है। उनके स्वागत के लिए पूरा हरियाणा तैयार है।

### नरेश सौंगरी एवं दलबीर ग्रोवर पार्षद मनोनित



**उचाना।** प्रदेश सरकार ने उचाना नपा में भाजपा नेता नरेश सौंगरी एवं दलबीर ग्रोवर को मनोनित पार्षद बनाया है। नियुक्ति पर प्रदेशाध्यक्ष, सीएम, विधायक, जिलाध्यक्ष का आभार जताया। मनोनित पार्षदों ने कहा कि जो सम्मान दिया है उसके लिए वो पार्टी के आभारी है। उचाना नगर पालिका एरिया में होने वाले कामों में तेजी हो इसको लेकर उनका भी प्रयास निरंतर रहेगा।

### कबड्डी प्रशिक्षक के लिए 15 तक करें आवेदन

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत खेलो इंडिया लघु केंद्र योजना गांव रोहेड़ा में संचालित था। कबड्डी प्रशिक्षक का चयन रिक्त पदों के लिए होगा। इच्छुक खिलाड़ी आवेदन कार्य दिवस में 15 जुलाई सुबह 9 से सायं 5 बजे तक चौ. छोटू राम इंडोर स्टेडियम सैक्टर-21 कैथल में जमा करवा सकते हैं। योग्यता से संबंधित जानकारी जिला खेल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### परिषद व पांच नपा में 13 पार्षद किए मनोनीत

**कलायत।** कैथल जिला परिषद में एक परिषद व पांच नपा में 13 पार्षद मनोनीत किए हैं। इसमें कैथल नगर परिषद में वार्ड 13 निवासी उर्मिला, डीएवी कालोनी से बलदेव लौट व वार्ड 23 निवासी स्वरूप सिंह। कलायत नगर पालिका में प्रवीण कांसल व राजेश बैदी। राजौंद नगरपालिका में राजेंद्र व मनी राम शर्मा। चीका में सुरता राम व कुलदीप पांचाल। पूंडरी में सतपाल चुघ व अमित सैनी। सीवन में सतीश मुझाल व बलविंद्र जांगड़ा। राजीव राजपूत और जिला मीडिया प्रभारी रवींद्र धीमान ने बताया।

### मत्स्य दिवस पर कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**कैथल।** मत्स्य अधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि कार्यालय द्वारा वीरवार को राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 मत्स्य किसानों ने भाग लिया। मत्स्य अधिकारी सूर्य प्रकाश ने किसानों को विस्तार से विभागीय स्कीमों की जानकारी दी व सभी मत्स्य पालकों को उनके अथक प्रयास एवं परिश्रम से मत्स्य पालन में एक नई क्रांति लाने पर बधाई भी दी। एक किसान राहुल शर्मा ने बताया कि तीन वर्ष पहले कलायत के शिमला गांव में खारे पानी में झींगा पालन की शुरुआत की थी, अब तकरीबन 30 एकड़ में शिमला गांव में झींगा पालन किया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा दी गई स्कीमों के माध्यम से उन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं।

## महिला के साथ थर्ड डिग्री का मामला, एससी/एसटी एक्ट लगेगा

# एससी आयोग ने संज्ञान लिया पुलिस प्रशासन को किया तलब

रोहतक पीजीआई के डॉक्टर करेंगे मेडिकल हिस्ट्री का अध्यन, सात दिन में पुलिस से फेक्ट फाइडिंग रिपोर्ट तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

सीवन थाना में पुलिसकर्मियों की ओर से थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लिया है। इस मामले में आयोग अभी तक हुई पुलिस की कार्रवाई में असंतुष्ट दिखाई और पुलिस प्रशासन को तलब किया है। आयोग के अध्यक्ष रविंद्र बाल्याना ने पुलिस को आयोग के समक्ष अगले सप्ताह पेश होने के आदेश दिए।

आयोग ने करनाल एडीजीपी कार्यालय से फेक्ट फाइडिंग रिपोर्ट व स्वास्थ्य महानिदेशक से महिला ममता की अब तक किए इलाज और स्वास्थ्य की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने एसपी की ओर से जांच जारी होने का हवाला देने पर नाराजगी जताई। आयोग ने करनाल एडीजीपी कार्यालय से फेक्ट फाइडिंग रिपोर्ट सात दिन में देने और स्वास्थ्य महानिदेशक को जांच रिपोर्ट के लिए पीजीआई रोहतक में एक डॉक्टर की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की सिफारिश की। शुरूआत में सीवन से कैथल रेफर करने वाले निजी अस्पताल के डॉक्टर को भी आयोग ने तलब किया है। आरोपी पुलिसकर्मियों पर दर्ज केस में एससी व एसटी एक्ट की धाराओं को शामिल करने के आदेश दिए। वीरवार को लघु सचिवालय में दलित समाज के मामलों की सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष व सदस्य पहुंचे थे। सभी मामलों की सुनवाई पूरी होने के बाद आयोग के अध्यक्ष ने थर्ड डिग्री टॉर्चर मामले में दोनों पक्ष के लोगों को सुना। इसके बाद पुलिस की ओर से की कार्रवाई को लेकर पूरी जानकारी मांगी। आयोग की ओर से कार्रवाई को लेकर मांगी गई जानकारी एसपी की ओर से जांच जारी होने का हवाला देने पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताई। अध्यक्ष ने पूछा कि अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की। इस पर एसपी ने करनाल एसआईटी पर जांच होने का जवाब दिया। इस मामले में आगामी जांच भी करनाल एसआईटी ही कर रही है। मामले में अभी तक महिला ममता को अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है।



कैथल। हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष सीवन के ममता कांड में एसपी और डीसी से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यह है पूरा मामला

सीवन थाना में गत 26 जून को दर्ज एक युवती की गुमशुदगी मामले में महिला पर उसके भगाने का आरोप लगा था। इसके बाद 29 जून को सीवन थाना में उसे पूछताछ के लिए बुलाया था। महिला ने आरोप लगाया था कि एक महिला सहित तीन पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे आंतरिक चोट पहुंचाई। इसके बाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर बिना नाम के महिला सहित तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया था। वहीं, पुलिस ने चार दिन पहले ही लापता हुई युवती की भी तलाश कर ली थी। महिला से मारपीट का मामला सामने आने के बाद से हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग ने हस्तक्षेप किया था और संबंधित अधिकारियों को नोटिस देकर जवाब मांगा था।

# हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग ने की जनसुनवाई

- अनुसूचित वर्ग के पीड़ितों की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें अधिकारी : चेयरमैन रविंद्र बलियाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एससी आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला ने कहा कि अधिकारी अनुसूचित वर्ग के लोगों की शिकायतों पर व आयोग द्वारा भेजी जाने वाली शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलवाएं। आयोग का यही उद्देश्य है कि अनुसूचित जाति वर्ग से पीड़ितों की जल्द से जल्द सुनवाई हो और उन्हें न्याय मिले। इसके साथ-साथ आयोग आरोपी पक्ष की भी सुनवाई करता है, ताकि कोई निर्दोष व्यक्ति बेवजह न फंसाया जा सके। आयोग को जिला प्रशासन द्वारा एससी वर्ग की शिकायतों पर की गई कार्रवाई संतोषजनक पाया। सीवन में महिला के साथ पिटाई के संबंध में आयोग ने संज्ञान लेते हुए कई तरह के निर्देश जारी किए हैं। सुनवाई के दौरान लोगों की 11 शिकायतों की समीक्षा की गई। इसके अलावा लगभग 15 शिकायते सीधे आयोग के पास आई थी, जिस पर भी चर्चा की गई। जिसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। चेयरमैन रविंद्र बलियाला वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग को प्राप्त हुई विभिन्न शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे। उनके साथ इस सुनवाई में आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बड़गुज्जर, सदस्य रवि तारांवाली, मीना नरवाल, रत्तन लाल तथा जिला प्रशासन की ओर से डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी व जिले के कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। सबसे पहले कैथल पहुंचने पर आयोग का जिला प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। डीसी कार्यालय में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के बाद आयोग लघु सचिवालय स्थित सभागार में पहुंचा। जहां एक-एक करके एजेंडे में रखे गए 11 मामलों की समीक्षा की गई। आयोग चेयरमैन व सदस्यों ने सभी मामलों में शिकायतकर्ता पक्ष व आरोपी पक्ष के लोगों से बातचीत कर पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई बारे जानकारी ली। इन मामलों में आयोग ने पुलिस-प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद आयोग के पास पहुंची सीधी 15 शिकायतों पर पुलिस-प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद खुली सुनवाई में लोगों से नई शिकायतें ली गईं। इन शिकायतों में मुख्य रूप से सीवन में पुलिस थाने में महिला की प्रताड़ना की शिकायत पर सुनवाई करते हुए आयोग ने पहले इस मामले में लापता हुई युवती के परिजनों की शिकायत सुनीं।



कैथल। हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बड़गुज्जर, सदस्य रवि तारांवाली, मीना नरवाल, रत्तन लाल तथा जिला प्रशासन की ओर से डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी, एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, डीएसपी वीरभान, गुरविंद्र सिंह, व सुशील प्रकाश, जिला कल्याण अधिकारी सीमा रानी तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अंडरपास बंद, एंबुलेंस वापस लौटी

- लीकेज और निर्माण के नाम पर पूरे अंडर पास और रोड बंद क्यों
- देवीलाल चौक अंडरपास पूरा बंद होने का जवाब दे प्रशासन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने जींद प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जींद में यह कैसा प्रशासन है जो किसी भी सड़क के निर्माण या मरम्मत के दौरान पूरे के पूरे रास्ते को और लीकेज की वजह से पूरे रोड को बंद कर देता है। यह रवैया जनता की सहूलियत नहीं बल्कि प्रशासनिक तानाशाही को दर्शाता है। गोयल ने कहा कि भिवानी रोड पर अंडरपास का निर्माण पिछले दो वर्षों से अधूरा है और रोड पूरी तरह बंद पड़ा है। अब देवीलाल चौक अंडरपास को लीकेज सुधारने के नाम पर दोनों ओर से पूरा मार्ग बंद कर दिया गया है। जिससे न सिर्फ आम नागरिकों को भारी दिक्कतें हो रही हैं बल्कि एम्बुलेंस तक को वापसी लौटना पड़ रहा है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा मरीज मरे तो मरे, प्रशासन को क्या फर्क पड़ता है। एक लीकेज के नाम पर पूरा मार्ग सील करना संवेदनहीनता है। देवीलाल चौक पर आज एक एम्बुलेंस को मजबूरी में वापस लौटना पड़ा इससे बड़ा उदाहरण और क्या होगा। गोयल ने यह भी सवाल उठाया कि जिस अंडरपास को बने कुछ ही साल हुए हैं, उसमें इतनी जल्दी लीकेज कैसे हो गई। क्या यह घटिया निर्माण कार्य का परिणाम नही है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों या ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। गोयल ने मांग की कि देवीलाल चौक अंडरपास में एक तरफ का वैकल्पिक मार्ग खोलना सुनिश्चित किया जाए। भिवानी रोड अंडरपास का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। देवीलाल चौक लीकेज मामले की जांच करवाई जाए।




जींद। अंडरपास बंद होने की वजह से एंबुलेंस तक को बैरंग लौट जाना पड़ा।

# एमसीएडी योजना के तहत कसूहन हरियाणा का पहला एकीकृत जल प्रबंधन मॉडल बनेगा

- 2482 एकड़ (19,858 कनाल) कृषि भूमि को सिंचाई नेटवर्क से जाएगा जोड़ा
- केंद्र सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव : देवेंद्र चतरभुज अत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

केंद्र की महत्वाकांक्षी आधुनिक कमांड एरिया विकास कार्यक्रम (एमसीएडी) योजना को लेकर जनसंवाद और जागरूकता बैठक हुई। जिसमें सिंचाई विभाग (एमआईसीएडीए) के एक्सईएन डा. धर्मपाल मुवाल ने किसानों के साथ इस अग्रणी परियोजना की विस्तृत रूपरेखा सांझा की और इसे लागू करने पर उनकी सहमति प्राप्त की। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री भी मुख्य रूप से पहुंचे। विधायक ने कहा कि कसूहन गांव एमसीएडी योजना के तहत हरियाणा का पहला एकीकृज जल प्रबंधन मॉडल बनेगा। कसूहन गांव को एक ऐसे पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है जो पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बनेगा। यह प्रोजेक्ट एकीकृत जल प्रबंधन के सिद्धांत पर आधारित है। जिसका लक्ष्य पानी के हर स्रोत का सही उपयोग कर किसानों को 24 घंटे सुनिश्चित सिंचाई उपलब्ध कराना है। सभी की सहमति के बाद इस विस्तृत प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। कसूहन सहित आसपास के गांव है उनकी करीब 2482 एकड़ जमीन को इसका लाभ मिलेगा।

**प्रोजेक्ट के मुख्य बिंदु:** डा. मुवाल ने बताया कि 2482 एकड़ (19,858 कनाल) कृषि भूमि को इस सिंचाई नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। सुनिश्चित जल आपूर्ति से किसानों की भूजल पर निर्भरता कम होगी। जिससे बिजली और डीज़ल के खर्च में भारी बचत होगी। आधुनिक पाइप लाइन नेटवर्क खुली नालियों की जगह जमीन के नीचे पाइप लाइन बिछाई जाएगी। पानी की बर्बादी रुकेगी और हर खेत तक समान पानी पहुंचेगा। सुनिश्चित सिंचाई और सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप, फव्वारा) के उपयोग से उपज बढ़ेगी। किसानों की आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी। इसका उद्देश्य किसानों को एकीकृत जल प्रबंधन प्रणाली के प्रति जागरूक करना है।



उचाना। कसूहन गांव में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### दोहरा जल स्रोत है विशेषता

डा. धर्मपाल मुवाल ने बताया कि कसूहन गांव में सिंचाई के लिए एक दोहरी और विश्वसनीय जल प्रणाली स्थापित की जाएगी। सिंचाई के लिए नहरी पानी के साथ-साथ, पानी की उपलब्धता को और सुदृढ़ करने के लिए उचाना एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से मिलने वाले शोधित जल को भी इस प्रणाली में जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया एसटीपी का पानी वैज्ञानिक रूप से शोधित, खेती के लिए पूरी तरह सुरक्षित और पोषक तत्वों से भरपूर होता है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धालु से मनाया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया और यह संकल्प लिया कि वे सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करेंगे और उनसे हर दिन कुछ नया सीखते रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों को गुरुद्वारे की यात्रा कराई गईए जहां उन्हें गुरु पूर्णिमा के महत्व और गुरुओं के प्रति सम्मान की भावना के बारे में सरल और सुंदर बातें बताई गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जतिन कथूरिया ने भी इस अवसर पर बच्चों को प्रेरणादायक बातें बताईं।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव को मिटानाः रीनू शर्मा

- जाजवान में स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जाजवान में स्वास्थ्य कर्मियों ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या रोकने को जागरूक करना है। एमपीएचडब्ल्यू रीनू शर्मा व सुनीता कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव को दूर कर सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह पहल न केवल बेटियों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए है बल्कि उन्हें समान अवसर प्रदान करने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाना भी है। समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव एक गंभीर समस्या है। बेटियों को अक्सर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रखा जाता है और उन्हें समाज में समान अवसर नहीं दिए जाते हैं।



जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि




जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# अंग्रेजी स्लोगन में टेरेसा हाउस प्रथम असमी, रजत, हरनूर व दीपांशु छाए

- शिक्षा भारती स्कूल में अंतर-सदन अंग्रेजी स्पेलिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में आज नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक अंतर.हाउस अंग्रेजी स्पेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों हाउस . रमन हाउस, कलाम हाउस, टेरेसा हाउस और टैगोर हाउस के छात्रों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। हर श्रेणी में दो चरणों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। पहला चरण लिखित स्पेलिंग परीक्षा दूसरा चरणरू हाउसवाइज मौखिक स्पेलिंग प्रतियोगिता छोटे बच्चों की इस प्रतियोगिता में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के सभी बच्चों को तीन ग्रुप में बांटा गया नर्सरी से यूकेजी प्रथम ग्रुप और पहली और दूसरी कक्षा द्वितीय ग्रुप तीसरी से पांचवी कक्षा तृतीय ग्रुप प्रथम ग्रुप नर्सरी से यूकेजी में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान जिसमें पूर्व एदक्षित एनिकुंज और गुरप्रीत सभी बच्चों ने प्रदर्शन दिया। द्वितीय ग्रुप पहली से दूसरी कक्षा में टेरेसा हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें असमी, रजत, हरनूर और दीपांशु ने अपनी प्रतिभा दिखाई। तृतीय ग्रुप कक्षा तीसरी से पांचवी में टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसमें कुंज एगणेशएअनिरुद्ध और तुषार सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित, यज्ञ में डाली आहुति

# कौवे को भी हंस बना देती है गुरु की शरणागति

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

गुरू पूर्णिमा पर शहर की लाला प्रभु दयाल चौधरी धर्मशाला में हवन किया। राधा कृष्ण मंदिर पुजारी पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि यह सत्य हैए कि भगवान बनने की पात्रता प्रत्येक पत्थर में होती है लेकिन ये बात भी उतनी ही सत्य है कि बिना कुशल शिल्पकार के कोई भी पत्थर भगवान नहीं बन सकता है। जो काट.छांट कर एक पत्थर को देव मूर्ति में रूपांतरित कर सके उसी शिल्पकार को गुरु कहा जाता है। जो जीव को भ्रम से ब्रह्म की यात्रा करा दे, शिष्य को शव से शिव बना दे, बाधा से राधा तक पहुंचा दे और मृत में मूर्ति प्रतिष्ठापित करा दे यही तो सद्गुरु का गुरुत्व है। उन्होंने कहा कि सदगुरू की शरणागति ही जीव को अपराध से आराधना की यात्रा कराती हुई उसको कौवे से हंस बनाती है। सदगुरू शरणागति के बिना कोई भी जीवन महान नहीं बन सकता है। भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण से लेकर जितने भी हमारे आदर्श पुरुष हुए हैं, सभी ने गुरु कृपा के बल पर ही जीवन का श्रेष्ठत्व प्राप्त किया है। निज शरणागति से गोविंद चरणों में रति प्रदान कर, हमारे मानव जीवन को सफल बनाने वाले सदगुरू देव भगवान के श्री चरणों में बारम्बार प्रणाम है। शांडिल्य ने कहा कि अच्छी बातें कहीं से भी मिले उसे जीवन में अवश्य धारण करना चाहिए।



उचाना। गुरू पूर्णिमा पर आयोजित हवन।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

### गुरू पूर्णिमा पर बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**जींद।** सुप्रीम स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और गुरुओं के प्रति अपने सम्मान और प्यार को व्यक्त किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन उपाध्यक्ष बलवान कौशिक और निदेशक शरत अत्री की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बनाया। इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें गुरुओं के महत्व और सम्मान के बारे में भी सिखाते हैं। सुप्रीम स्कूल द्वारा इस तरह के आयोजनों से निश्चित रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005